SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB ALP CBT – 2, RPF Exam और Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 15 Questions for Current Affairs 04/02/2019

Q1. बजट 2019-20 में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण मिशन के लिए कितने करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं?

क. 1000 करोड़ रुपये

ख. 1330 करोड़ रुपये

ग. 1524 करोड़ रुपये

घ. 1840 करोड़ रुपये

संसद में पेश हुए अंतरिम बजट 2019-20 में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण मिशन के लिए 1330 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और साथ ही उज्ज्वला योजना के तहत 8 करोड़ निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन देने का लक्ष्य रखा गया है.

SarkariExam.Com

Q2. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को इनमे से किस राज्य सरकार ने हाल ही मे सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थाओ में 10% आरक्षण देने का फैसला किया है?

क. दिल्ली सरकार

ख. बिहार सरकार

ग. पंजाब सरकार

घ. केरल सरकार

बिहार सरकार ने हाल ही में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थाओ में 10% आरक्षण देने का फैसला किया है. यह फैसला मुख्यमंत्री नितीश कुमार की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की बैठक में लिया गया है.

Q3. आईसीसी के द्वारा जारी की गयी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में कौन सी खिलाडी नंबर-1 रैंक पर पहुच गयी है?

क. मिताली राज

ख. स्मृति मंधाना

ग. एलिस पैरी

घ. मेग लैनिंग्स

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के द्वारा जारी की गयी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय खिलाडी स्मृति मंधाना नंबर-1 रैंक पर पहुच गयी है. जबकि ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी दूसरे और मेग लैनिंग्स तीसरे नंबर पर रही है.

SarkariExam.Com

Q4. किस योजना के अंतर्गत आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने शहरी गरीबों के लिए 4,78,670 मकानों के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है?

क. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

ख. आयुष्मान भारत योजना

ग. जिज्ञासा योजना

घ. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने शहर में गरीबो के लिए 4,78,670 मकानों के निर्माण के लिए मंजूरी दे दी है. जिससे अब कुल स्वीकृत मकानों की संख्या 72,65,763 हो गई है.

Q5. निम्न में से किसने दिल्ली में डेफिनिशन केबल टेलिविजन सर्विस शुरू करने की घोषणा की है?

क. एनडीएमसी

ख. एयरटेल

ग. निति आयोग

घ. वोडाफोन-आईडिया

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद(एनडीएमसी) दिल्ली में डेफिनिशन केबल टेलिविजन सर्विस शुरू करने की घोषणा की है. टेलिकॉम कंपनी वनट इंटरटेनमेंट

SarkariExam.Com

और एमटीएनएल के साथ मिलकर एनडीएमसी ने यह सर्विस शुरू करने की घोषणा की है.

Q6. भारत के किस राज्य के डीजीपी रहे ऋषि कुमार शुक्ला को नया सीबीआई डायरेक्टर नियुक्त किया गया है?

क. पंजाब

ख. मध्यप्रदेश

ग. केरल

घ. गुजरात

भारत के मध्य प्रदेश राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रहे ऋषि कुमार शुक्ला को नया सीबीआई डायरेक्टर नियुक्त किया गया है. वे 1983 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं. वे इस पद पर 2 वर्ष के लिए नियुक्त किये गए है..

Q7. किसके द्वारा जारी की गयी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2018 में स्मार्टफोन की बिक्री में करीब 5% की कमी आई है?

क. वर्ल्ड बैंक

ख. इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन

ग. ट्राई

घ. यूनेस्को

हाल ही में इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन के द्वारा जारी की गयी रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2018 की चौथी तिमाही में दुनियाभर में स्मार्टफोन के 4.9% कम शिपमेंट

SarkariExam.com

होने से स्मार्टफोन की बिक्री में करीब 5% की कमी आई है. शिपमेंट में लगातार पांचवीं तिमाही में कमी आई है

Q8. यूके, जर्मनी, ईरान और किस देश ने साथ मिलकर INSTEX नाम का पेमेंट चैनल शुरु किया है?

क. भारत

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. फ्रांस

घ. रूस

हाल ही में फ्रांस, यूके, जर्मनी, ईरान ने साथ मिलकर INSTEX नाम का पेमेंट चैनल शुरु किया है. इस चैनल के माध्यम से अमेरिका की प्रतिबंधो के बावजूद भी व्यापार चालू रहेगा. INSTEX के अध्यक्ष जर्मन के बनकर पर फिशर है

Q9. अमेरिका के किस शहर में बोइंग ने भारतीय वायुसेना को मजबूती प्रदान करने के लिए "चिनूक हेलिकॉप्टर" सौंप दिया है?

क. टेक्सास

ख. वाशिंगटन

ग. फिलाडेल्फिया

घ. अल्बमिया

अमेरिका देश के फिलाडेल्फिया शहर में बोइंग ने भारतीय वायुसेना को मजबूती प्रदान करने के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर आधिकारिक रूप से सौंप दिया है. इस

SarkariExam.Com

अवसर पर DGAO एयरमार्शल ए देव सहित एयरफोर्स के कई अधिकारी भी उपस्थित थे.

Q10. केंद्र में सचिव रहे राजीव नयन चौबे को किस विभाग का सदस्य नियुक्त किया गया है?

क. एसएससी (SSC)

ख. डीएसएसएसबी (DSSSB)

ग. यूपीएससी (UPSC)

घ. यूपीएसएसएससी (UPSSSC)

केंद्र में सचिव रहे राजीव नयन चौबे को हाल ही में यूपीएससी का सदस्य नियुक्त किया गया है वे 1981 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस हैं और उन्हें जून 2015 में सिविल एविएशन सचिव बनाया गया था.

Q11. किस टीम ने पहली बार एएफसी एशियन कप 2019 का ख़िताब जीता है?

क. ऑस्ट्रेलिया

ख. इंग्लैंड

ग. यूएई

घ. क़तर

SarkariExam.com

पहली बार एएफसी एशियन कप 2019 का फाइनल और ख़िताब क़तर टीम ने चार बार के चैम्पियन जापान को 3-1 से हराकर जीत लिया है. जापान ने इससे पहले वर्ष 1992, 2000, 2004 और 2011 में यह ख़िताब जीता था.

Q12. लोकपाल का नाम सुझाने के लिए किसकी अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति की पहली बैठक आयोजित की गयी है?

क. नरेन्द्र मोदी

ख. रामनाथ कोविंद

ग. रंजना प्रकाश देसाई

घ. दीपक मिश्रा

सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में लोकपाल का नाम सुझाने के लिए आठ सदस्यीय समिति की पहली बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गयी है. जिसमे लोकपाल प्रमुख और सदस्यों की नियुक्तियों पर चर्चा की गयी.

Q13. 4 फ़रवरी को विश्व भर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व खेल दिवस

ख. विश्व स्वास्थ्य दिवस

ग. विश्व कैंसर दिवस

घ. विश्व टीबी दिवस

SarkariExam.Com

4 फ़रवरी को विश्व भर में विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है. इस दिवस का उद्देश्य कैंसर के बारे में जागरूकता फेलाना है. कैंसर से विश्व भर में सबसे अधिक लोगो की मृत्यु होती है.

Q14. आईसीसी ने किस देश को 2021 चैंपियंस ट्रॉफी और 2023 विश्व कप की मेजबानी दी है?

क. इंग्लैंड

ख. साउथ अफ्रीका

ग. भारत

घ. श्री लंका

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सीईओ डेविड रिचर्डसन ने कहा है की भारत 2021 चैंपियंस ट्रॉफी और 2023 विश्व कप की मेजबानी करेगा. इससे पहले भी भारत ने 2016 टी-20 विश्व कप की मेजबानी की थी.

Q15. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और बीसीसीआई के पांच सदस्यीय दल ने हाल ही में किस राज्य क्रिकेट संघ (JSCA) के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम परिसर का निरीक्षण किया है?

क. दिल्ली राज्य क्रिकेट संघ

ख. कोलकाता राज्य क्रिकेट संघ

ग. मुंबई राज्य क्रिकेट संघ

घ. झारखंड राज्य क्रिकेट संघ

SarkariExam.Com

हाल ही में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और बीसीसीआई के पांच सदस्यीय दल ने रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (JSCA) के अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम परिसर का निरीक्षण किया है. इस स्टेडियम में भारत और ऑस्ट्रेलिया 8 मार्च को वनडे मैच खेला जायेगा.

Q16. न्यूजीलैंड को पांच मैचों की वनडे सीरीज में 4-1 से हराकर किस क्रिकेट टीम ने वनडे सीरीज जीत ली है?

क. भारतीय क्रिकेट टीम

ख. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

ग. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

घ. साउथ क्रिकेट टीम

भारतीय क्रिकेट टीम ने हाल ही में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को पांचवे वनडे मैच में 35 रन से हराकर न्यूजीलैंड के खिलाफ हुई पांच मैचों की वनडे सीरीज 4-1 से जीते लिए है. आखिरी वनडे मैच में 90 रन बनाने वाले अंबाती रायडू को मैन ऑफ द मैच चुना गया है.

Q17. किस देश की क्रिकेट टीम के बल्लेबाज रोहित पॉडल वनडे क्रिकेट में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने वाले खिलाडी बन गए है?

क. भारतीय क्रिकेट टीम

ख. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ग. नेपाल क्रिकेट टीम

SarkariExam.Com

घ. होन्ग-कोंग क्रिकेट टीम

नेपाल क्रिकेट टीम के 16 वर्षीय बल्लेबाज रोहित पॉडल हाल ही में वनडे क्रिकेट में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने वाले खिलाडी बन गए है.

Q18. निम्न में से किस खिलाडी ने हाल ही में टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे कम उम्र में अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया है?

क. रिषभ पंथ

ख. पृथ्वी शॉ

ग. रोहित पॉडल

घ. संदीप जोरा

नेपाल क्रिकेट टीम के संदीप जोरा ने हाल ही में सबसे कम उम्र में टी20 अंतरराष्ट्रीय में अर्धशतक लगाने का रिकॉर्ड बनाया है. उन्होंने यूएई के खिलाफ खेले गए मैच में 46 गेंदों पर नाबाद 53 रनों की पारी खेली जिसमे एक छक्का और तीन चौके शामिल थे.

Q19. रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में किस देश से 73 हजार सिग सॉवर राइफलें खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है?

क. चीन

ख. रूस

ग. अमेरिका

घ. ऑस्ट्रेलिया

SarkariExam.Com

भारत के पडोसी देश चीन और पाकिस्तान सीमा पर तैनात भारतीय जवानो को अत्याधुनिक राइफलें देने के लिए रक्षा मंत्रालय ने हाल ही में अमेरिका से 73 हजार सिग सॉवर राइफलें खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. यह राइफलें अगले वर्ष तक भारत में आ जाएगी.

SarkariExam.Com